दैनिक
न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

आवश्यक सूचना

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्व की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 || Postal Registration No-055/Raigarh DN CG || रायगढ़, गुरूवार 12 सितम्बर 2019 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-01, अंक- 343

गाय पर गरमाई सियासत: पीएम मोदी के बयान पर कांग्रेस और ओवैसी का पलटवार

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज मथुरा में गाय को लेकर विपक्ष के रवैये पर निशाना साधा तो कुछ घंटे के भीतर ही विपक्षी नेताओं के कान खड़े हो गए। हाल के समय में गाय को केंद्र में रखकर हुए विवादों और बहस पर मोदी ने कहा था कि शब्द सुनते ही कुछ लोगों के कान खड़े हो जाते हैं जबकि कुछ लोगों के कान में गाय शब्द सुनाई देता है तो उनके बाल खड़े हो जाते हैं। इस पर विपक्षी दलों ने पलटवार किया है। सबसे पहले एआईएमआईएम चीफ असदुद्दीन ओवैसी ने पीएम को जवाब देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कान तब खड़े हो जाने चाहिए जब गाय के नाम पर इंसानों को मारा जा रहा है और संविधान की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं।

कांग्रेस बोली, अर्थ जगत के गंभीर मुद्दों पर चुप क्यों

उधर, कांग्रेस ने आर्थिक संकट को आगे रखते हुए पीएम मोदी पर निशाना साधा है। पार्टी ने कहा कि पीएम मोदी आर्थिक मुद्दों को छोड़कर गाय और ओम् की बात करते हैं लेकिन अर्थ जगत के गम्भीर मुद्दों पर उनका बयान नहीं जाता। कांग्रेस ने तंज कसते हुए कहा कि लगता है उन्होंने वित्त मंत्री को इससे निपटने के लिए छोड़ दिया है।

दरअसल, मथुरा में दुधारू पशुओं को रोगमुक्त करने के लिए टीकाकरण अभियान की शुरुआत करने के बाद बुधवार को पीएम मोदी ने कहा, कुछ लोगों के कान में गाय शब्द पड़ता है तो उनके बाल खड़े हो जाते हैं, उनको करंट लग जाता है। उनको लगता है कि देश 16वीं-17 वीं सदी में चला गया है। ऐसे लोगों ने ही देश को बर्बाद कर रखा है।

ओवैसी बोले, देशवासियों के कानों में अजान की आवाज भी

पीएम मोदी का यह बयान आते ही विपक्षी नेताओं ने उनपर हमले शुरू कर दिए। हैदराबाद से सांसद और एआईएमआईएम नेता असदुद्दीन ओवैसी ने एक विडियो संदेश जारी कर कहा, मैं पीएम को याद दिलाना चाहता हूं कि यकीनन वह जो कह रहे हैं वह भी सुनते हैं और हिंदुस्तानियों के कानों में अजान की आवाज भी आती है। हिंदुस्तानियों के कानों में गुरुद्वारों से भी आवाज सुनाई पड़ती है। हम गिरजाघर के घंटे भी सुनते हैं। यह हिंदुस्तान है। यह कहना कि सिर्फ एक ही आवाज सुनकर किसी के कान खड़े हो जाते हैं, ठीक नहीं।

ओवैसी ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री के कान उस वक्त खड़े होने चाहिए जब गाय के नाम पर इंसानों को मारा जा रहा है, पीएम के कान उस वक्त खड़े होने चाहिए जब हमारे संविधान की धज्जियां उड़ाईं जा रही हैं और हम हमारे पीएम से उम्मीद करते हैं कि चाहे तबरेज, पहलू हो या अखलाक का केस तब पीएम का ऐंटेना खड़ा होना चाहिए कि मेरे देश में क्या हो रहा है।

डी. राजा ने कहा, यह सब कहने का क्या मतलब

इसी मुद्दे को लेकर लेफ्ट पार्टियों और कांग्रेस ने भी मोदी पर निशाना साधा। सीपीआई नेता डी राजा ने कहा, मैं नहीं जानता कि प्रधानमंत्री के यह सब कहने का क्या मतलब है। वह और गाय के नाम पर क्या संदेश देना चाहते हैं? दरअसल, और गाय के नाम पर बीजेपी लोकतंत्र को बर्बाद कर रही है। देश की एकता, अखंडता और सांप्रदायिक सौहार्द को बिगाड़ा जा रहा है। डी राजा ने आगे कहा, प्रधानमंत्री को इंसानों की बात करनी चाहिए। आर्थिक मंदी के कारण लोगों को हो रही समस्याओं की बात करनी चाहिए। इसकी बजाय वह ऊं और गाय के नाम पर सरकार की आलोचना करने वालों पर निशाना साध रहे हैं।

चन्द्रयान-2

उन्नाव दुष्कर्म मामले में एम्स के भीतर प्रारंभ हुई विशेष अदालत

नई दिल्ली (आरएनएस)। उन्नाव सामूहिक दुष्कर्म मामले में प्रस्तावित विशेष अदालत दिल्ली स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के जय प्रकाश नारायण ट्रॉमा सेंटर स्थित सेमीनार हॉल में लग चुकी है। विशेष अदालत में दिल्ली पश्चिम के जिला एवं सत्र न्यायाधीश धर्मेश शर्मा ने कार्यवाही शुरू कर दी है। विशेष अदालत लगने से पहले ही केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने वहां की सुरक्षा के खास इंतजाम कर दिए थे। सीबीआई की टीम मामले से जुड़े तमाम संबंधित दस्तावेजों सहित अदालत शुरू होने से पहले ही सुबह करीब नौ बजे परिसर पहुंच चुकी थी। फिलहाल विशेष अदालत द्वारा पीड़िता के बयान दर्ज किए जाने की कार्यवाही चल रही है। इस विशेष अदालत को लगाए जाने के संबंध में सीबीआई को सात सितंबर को ही आदेश जारी कर दिए गए थे।

बस और बोलेरो में हुई भिड़ंत, चार की मौत

नई दिल्ली (आरएनएस)। अयोध्या कोतवाली के पाली पेट्रोल पंप के पास हुए एक भीषण हादसे में एक रोडवेज बस व बोलेरो की भीषण टक्कर हो गई जिसमें चार लोगों की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि यह सभी लोग बिहार से अमेठी जा रहे थे। बिहार के गांव मधवापुर थाना सिसवन जिला सिवान घर के रहने वाले छोटेलाल यादव परिवार सहित बोलेरो से जगदीशपुर अमेठी जा रहे थे। वह सीआईएसएफ में एएसआई के पद पर कार्यरत हैं। बुधवार सुबह करीब साढ़े तीन बजे अयोध्या हाइवे के रघुकुल रेस्टोरेंट से एक किलोमीटर आगे चौकी क्षेत्र रायगंज स्थित पाली पेट्रोल पंप के पास तेज रफ्तार बोलेरो रोडवेज बस से भिड़ गई। बोलेरो राजकुमार पुत्र छोटे लाल यादव चला रहे थे। बोलेरो में उनकी मां (50 वर्ष), पत्नी देवी, बहन प्रियंका (25 वर्ष), भाई अशोक कुमार व भांजा सवार थे। हादसे में सभी गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी को पुलिस जिला अस्पताल लेकर गई। जिसमें से चार की मौत हो गई। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

जन आशीर्वाद यात्रा के दौरान सीएम खट्टर ने बीजेपी नेता को धमकाया, कांग्रेस ने ली चुटकी

चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहरलाल खट्टर इन दिनों जन आशीर्वाद यात्रा के जरिए प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) की राजनीतिक जमीन को मजबूत करने में लगे हैं। यात्रा के दौरान का ही सीएम खट्टर का एक विडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। इस विडियो में मनोहरलाल खट्टर अपनी ही पार्टी के एक नेता की गर्दन काटने की धमकी दे देते हैं। इस धमकी भरे विडियो के वायरल होने के बाद मुख्यमंत्री खट्टर पर कांग्रेस ने तंज कसा है। विडियो में नजर आ रहा है कि रथ में सवार होकर मुख्यमंत्री मनोहरलाल खट्टर लोगों के बीच पहुंचते हैं। हिसार की बरवाला विधानसभा में स्वागत कार्यक्रम के दौरान उन्हें एक शख्स हाथ में फरसा देता है। मनोहरलाल खट्टर अपने संबोधन में लोगों से कहते हैं, दुश्मनों का नाश करने के लिए...। तभी पीछे से बीजेपी के एक नेता सीएम खट्टर को मुकुट पहनाने लगते हैं। इस बात से नाराज खट्टर पीछे मुड़ते हैं और बीजेपी नेता से कहते हैं, गर्दन काट दूंगा तेरी। खट्टर की नाराजगी देख बीजेपी नेता हाथ जोड़ माफी मांगने लगते हैं।

ट्रेड वॉर: सुलह की ओर अमेरिका और चीन? आयात शुल्क में नरमी

पेइचिंग। लंबे समय से चीन और अमेरिका के बीच चल रहे ट्रेड वॉर के प्रभाव से भारत सहित अन्य देश भी अछूते नहीं हैं। इस व्यापारिक तनाव के बीच दोनों देशों को भी खासा नुकसान उठाना पड़ा है। अमेरिका और चीन की बड़ी कंपनियां इस बार पर जोर दे रही हैं कि बदले की भावना से लगाए जा रहे आयात शुल्क में ढील दी जाए। चीन ने अमेरिका के उत्पादों की 16 श्रेणियों के ऊपर लगे शुल्क को हटाने की बुधवार को घोषणा दी है। चीन ने यह घोषणा ऐसे समय की है जब अमेरिका के साथ अगले महीने नये दौर की व्यापार वार्ता होने वाली है।

नए ट्रैफिक नियमों पर नितिन गडकरी बोले- रेवेन्यू के लिए नहीं है जुर्माना, जिंदगी बचाना प्राथमिकता

नई दिल्ली। केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने नए ट्रैफिक चालान नियमों पर कहा कि यह लोगों की जिंदगी बचाने के लिए की गई कोशिश है। राज्य सरकारों द्वारा जुर्माने की रकम कम करने के फैसले पर उन्होंने कहा कि मैं इस पर यही कहना चाहता हूं कि जुर्माने से मिली रकम राज्य सरकारों की ही मिलेगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार जुर्माना घटाने का फैसला कर सकती है और यह उनपर निर्भर करता है। उन्होंने कहा कि केंद्र का मकसद सड़क परिवहन को सुरक्षित बनाना है। गडकरी ने साथ ही जोड़ा कि अगर लोग नियमों का पालन करेंगे तो उन्हें जुर्माना भरने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा का भारी-भरकम जुर्माने का मकसद जनहानि कम करना था। गुजरात सरकार ने जुर्माने को 90 प्रतिशत तक कम करने का ऐलान किया है। कुछ अन्य सरकारें भी भविष्य में ऐसा ऐलान कर सकती हैं। गडकरी ने इस पर कहा, भारत में हर साल सड़क दुर्घटना में 1 लाख 50 हजार से अधिक लोगों की मौत होती है। उसमें से 65 प्रतिशत लोगों की आयु 18 से 35 साल के बीच होती है। हर साल 2 से 3 लाख लोग सड़क दुर्घटना के कारण दिव्यांग हो रहे हैं।

निर्मला सीतारमण के ओला-उबर बयान पर ट्विटर यूजर्स ने ऐसे कसा तंज

नई दिल्ली। देश का ऑटोमोबाइल सेक्टर मंदी की मार झेल रहा है। ऐसे में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का एक बयान चर्चा का विषय बन गया है। मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल के 100 दिन पूरे होने पर निर्मला सीतरमण मंगलवार चेन्नई में पत्रकारों से मुखातिब हुईं। यहां उन्होंने अपने एक बयान में कहा, 'ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री पर बीएस6 और लोगों की सोच में आए बदलाव का असर पड़ रहा है। लोग अब गाड़ी खरीदने की बजाय ओला या ऊबर को तरजीह दे रहे हैं।' इसके बाद से सोशल मीडिया पर BoycottMillennials और #SayItLikeNirmalaTai ट्रेंड कर रहा है।

प्रधानमंत्री मोदी ने मथुरा में पशु आरोग्य मेले का किया शुभारंभ

» प्रदर्शनी का भी किया अवलोकन

मथुरा (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मथुरा पहुंचने पर उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनका स्वागत किया। यहां उन्होंने पं. दीनदयाल वृहद पशु आरोग्य मेला का शुभारंभ किया। इस दौरान मोदी ने गौ-सेवा भी की और टीकाकरण की जानकारी ली। मोदी ने आरोग्य मेला में आए पशु पालकों से मुलाकात कर उनसे बातचीत की। पशु चिकित्सा और पशुपालन के क्षेत्र में विभिन्न योजनाओं की जानकारी देने के लिए प्रदर्शनी लगाई गई है। प्रधानमंत्री ने इस प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया।

गायों के पेट से पॉलीथिन निकालने का लाइव ऑपरेशन देखकर प्रधानमंत्री मोदी भावुक हो गए। वहीं, मुख्यमंत्री योगी के चेहरे पर भी दर्द छलक आया। प्रधानमंत्री मोदी ने रोजाना कूड़ा बीनने वाली महिलाओं से जाना कि किस तरह से कूड़े से प्लास्टिक को अलग किया जाता है।

उन्होंने गायों की नस्लों के बारे में जानकारी ली। राष्ट्रीय गोकुल मिशन के द्वारा पशुओं का संवर्धन किया जा रहा है। पशु चारे को किस तरह से उगाया जाए यह भी प्रदर्शनी में शामिल है। प्रधानमंत्री ने मंच से विकास योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण भी किया।

इस दौरान केन्द्रीय मंत्री गिरीराज सिंह और संजीव बलियान भी मौजूद रहे।

अब पीओके में रैली करेंगे इमरान

इस्लामाबाद। कश्मीर मुद्दे पर अंतरराष्ट्रीय मंच से लेकर पूरी दुनिया में खास समर्थन नहीं मिलने के बाद अब पाकिस्तान के प्रधानमंत्री ने नया पैंतरा चला है। पाक पीएम इमरान खान ने ट्वीट किया कि वह इस शुक्रवार को पीओके की राजधानी में रैली करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि भारतीय सैन्य बलों की कश्मीर में कार्रवाई के खिलाफ पूरे विश्व को संदेश देने के लिए पाक पीएम यह रैली करेंगे। इमरान खान लगातार कश्मीर के लोगों के साथ खड़े होने का दावा कर रहे हैं। उन्होंने ट्वीट किया, शुक्रवार 13 सितंबर को मैं मुजफ्फराबाद में एक बहुत बड़े जलसे का आयोजन करने जा रहा हूं। विश्व को ढ्ढह्लह्य में भारतीय सैन्य बलों के निरंतर अतिक्रमण का संदेश देने के लिए है और कश्मीरियों को यह बताने के लिए भी पाकिस्तान उनके साथ लगातार खड़ा है।

कर्बला के बहाने भी कश्मीर राग अलापा पाक पीएम ने

जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल 370 खत्म किए जाने के बाद से ही पाकिस्तान के नेता और महत्वपूर्ण हस्तियां बयानबाजी कर रही हैं। इमरान खान ने मंगलवार को देर शाम किए ट्वीट में भी धार्मिक दिन के बहाने कश्मीर राग अलापा। उन्होंने ट्वीट किया, अशुरा का दिन करीब आ रहा है मैं पाकिस्तानियों और खास तौर पर बहादुर कश्मीरियों से कहना चाहता हूं कि कर्बला के संदेश को याद रखें। कर्बला का संदेश जुल्म के खिलाफ और अन्याय के विरुद्ध संघर्ष खुद में जिंदा रखना है और सत्य के साथ खड़े रहना है। अन्याय के खिलाफ संघर्ष में जीत होती है जैसा कि कर्बला के शहीद हमें बताते हैं।

कश्मीर पर चारों ओर मुंह की खाने के बाद भी पाकिस्तान

अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। खुफिया सूत्रों के हवाले से मिली जानकारी के अनुसार, एलओसी के पास पाकिस्तान के आतंकी कैंप फिर से सक्रिय हो गए हैं। इसके साथ ही 7 लॉन्च पैड भी तैयार किया गया है और 275 आतंकी भी ऐक्टिव हैं। जम्मू-कश्मीर में अशांति फैलाने के लिए अफगान और पश्तून सिपाही भी तैनात किए जा रहे हैं।

पूर्व मुख्यमंत्री चंद्रबाबू को बेटे सहित पुलिस ने घर में किया नजरबंद

» रैली को रोकने धारा 144 लगाई गई

हैदराबाद (आरएनएस)। आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और टीडीपी अध्यक्ष एन चंद्रबाबू नायडू और उनके बेटे लोकेश नारा को नजरबंद कर दिया गया है। नायडू ने पूरे राज्य में एक विशाल रैली बुलाई थी। जिसके बाद उन पर ये कार्रवाई हुई है। नायडू ने आरोप लगाया था कि टीडीपी कार्यकर्ताओं पर लगातार हमले हो रहे हैं। जिसके विरोध में उन्होंने लोगों और कार्यकर्ताओं को सड़कों पर उतरने को कहा था। इस रैली का नाम उन्होंने 'चलो अत्माकुर' दिया था। बताया जा रहा है कि आज सुबह टीडीपी प्रमुख नायडू के बेटे नारा लोकेश की पुलिस अधिकारियों के साथ बहस हुई थी।

जिसके बाद पुलिस ने उन्हें और उनके पिता को घर में ही नजरबंद कर लिया है।

लगाई गई थी धारा 144

टीडीपी प्रमुख नायडू के बुलाए गए मार्च के चलते आंध्र प्रदेश पुलिस ने पहले ही पूरे इलाके में धारा 144 लागू कर दी थी। पुलिस का कहना था कि इस इलाके में किसी भी तरह का धरना प्रदर्शन और रैली की इजाजत नहीं है। पुलिस प्रमुख ने कहा था कि किसी को भी कानून-व्यवस्था बिगाड़ने का अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा कि राजनीतिक पार्टियों को चाहिए की वह शांति बनाए रखने में पुलिस की मदद करें।

अमेठी के 2 दिवसीय दौरे पर स्मृति

अमेठी (आरएनएस)। केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास व कपड़ा मंत्री स्मृति ईरानी आज से अमेठी के दो दिवसीय दौरे पर आ रही हैं। इस दौरान वह कई महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में भाग लेंगी। स्मृति ईरानी के प्रतिनिधि विजय गुप्ता ने बताया कि वह लखनऊ एयरपोर्ट से सड़क मार्ग से सीधे वाया रायबरेली अमेठी के सगरा तालाब के पास पहुंचेंगी और 30 मिनट तक सगरा तालाब के सौंदर्यीकरण का निरीक्षण करेंगी।

यहां से वह पूर्वाह्न 11.30 बजे अमेठी रेलवे स्टेशन पहुंचेंगी, जहां वह रेलवे महकमे के डीआरएम के साथ स्टेशन का निरीक्षण करेंगी। दोपहर 12.30 बजे से कलेक्ट्रेट में सलोन-ऊंचाहार रेलवे लाइन निर्माण को लेकर डीआरएम व जिले के अधिकारियों के साथ बैठक करेंगी। दोपहर 1.30 बजे वह अमेठी के ताला स्थित मुकुटनाथ

मंदिर में दीदी व सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत चौपाल लगाकर शिकायतें सुनेंगी।

दोपहर तीन बजे से चार बजे तक वह जामो के गौरा बाजार गांव में चौपाल लगाकर समस्याएं सुनेंगी। शाम पांच बजे वह जगदीशपुर के मिश्रौली गांव में चौपाल कार्यक्रम में शामिल होंगी।

शाम छह बजे वह भाजपा जिलाध्यक्ष दुर्गेश त्रिपाठी के घर पहुंच कर उनकी मां के निधन पर संवेदना व्यक्त करेंगी। शाम साढ़े सात बजे वह गौरीगंज में रात्रि विश्राम करेंगी।

पाकिस्तान में पेट्रोल से महंगा हुआ दुध, भारी महंगाई से जनता त्रस्त

इस्लामाबाद। महंगाई की मार झेल रहे पाकिस्तान में न सिर्फ खाने-पीने की आम चीजों की कीमतें आसमान छू रही हैं, बल्कि पेट्रोल-डीजल के साथ दूध की कीमत भी आम आदमी के पहुंच के बाहर हो गई है। पिछले महीने वहां पेट्रोल की कीमत 117.83 रुपये (पाकिस्तानी रुपया) प्रति लीटर तक पहुंच गई थी और डीजल की कीमत 132.47 रुपये प्रति लीटर तक पहुंच गई थी। जबकि वहां, दूध की कीमत 140 रुपये प्रति लीटर तक पहुंच चुकी है। इस तरह से अब पाकिस्तान में पेट्रोल-डीजल से भी महंगा दूध बिक रहा है।

पाकिस्तान में दूध जैसी रोजमर्रा की चीजों की कीमत पहले से ही बढ़ी हुई थी और अब मुहर्रम के अवसर पर यह कीमतें सातवें आसमान पर पहुंच गई है। देश के

सबसे बड़े शहर कराची और सिंध प्रांत में दूध की कीमत एक सौ चालीस रुपये (पाकिस्तानी) प्रति लीटर तक पहुंच गई है। डेयरी माफिया मुहर्रम के अवसर पर दूध की बढ़ी मांग के बीच नागरिकों से लूटमार पर उतर आया है और मनमानी कीमत वसूल रहा है। मोहर्रम की नौ और दस तारीख को लोगों के बीच बांटने के लिए दूध का शरबत, खीर आदि बनाई जाती है।

बढ़ी मांग के बीच दूध विक्रेताओं ने दाम बेतहाशा बढ़ा दिए। वहीं, पाकिस्तान सरकार ने पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों से आम जनता को राहत देने के लिए सितंबर से पेट्रोल और डीजल की कीमतों में क्रमशः 4.59 रुपये और 5.33 रुपये की कटौती की, लेकिन इसके बाद भी पेट्रोल-डीजल क्रमशः 113.24 रुपये और 127.24 रुपये की कीमत पर बिक रहा है। इसके अलावा लाइट डीजल ऑयल (एलडीओ) की कीमत 97.52 रुपये प्रति लीटर तक पहुंच गई थी, जिसमें कटौती के बाद सितंबर में यह 91.89 रुपये प्रति लीटर की दर से बिक रही है। इसी तरह से पाकिस्तान में केरोसीन तेल की कीमत 103.84 रुपये प्रति लीटर तक पहुंच गई थी, जिसके बाद सरकार ने सितंबर माह के लिए उसमें 4.27 रुपये की कमी की और अब यह 99.57 रुपये प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है। पाकिस्तान में सीएनजी की कीमत 85.50 रुपये प्रति किलो है। पाकिस्तान में पेट्रोलियम पदार्थों पर 17 फीसदी जीएसटी लगता है।

सरकार ने एक लीटर दूध की कीमत 94 रुपये लीटर तय की हुई है लेकिन यह कभी भी एक सौ दस रुपये लीटर से कम पर नहीं मिलता। अब मुहर्रम में यह एक सौ चालीस रुपये लीटर तक पहुंच गया है।